सार-समाचार

सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना की जानकारी दी

रतनगढ़ (निसं)। आरयुआईडीपी के अधिशासी अभियन्ता आर डी गर्ग के निर्देशन में वार्ड नं 1 व 2 तथा 9 के बीच जीण माता के मन्दिर में पार्षद मोहम्मद अब्बास गोरी की अध्यक्षता में सामुदायिक बैठक आयोजित की गई। जन सहभागिता इकाई के प्रवीण सिंह राठौड़ व छोटू सैनी ने वर्तमान में चल रहे सीवरेज व ड्रेनेज परियोजना के कार्य के बारे में जानकारी देते हुए परियोजना में जन भागीदारी पर प्रकाश डालते हुवे बताया कि कोई भी परियोजना की सफलता के लिए जन समुदाय का सहयोग बहुत जरूरी है व आज हमें प्लास्टिक की थैलियों का प्रयोग कर नालियों में नहीं बहाना चाहिए प्लास्टिक की थैलियों की जगह कपड़े के थैले का प्रयोग करे घरेलू सीवरेज कनेक्शन में स्नानघर व रसोई में जाली जरूर लगाए। पार्षद अब्बास गौरी ने परियोजना का पुरा-पुरा लाभ लेने का आग्रह किया, सीवरेज कार्य के दौरान किसी प्रकार की समस्या हो तो सम्बंधित अधिकार को बताए कोई भी घर घरेलू सीवरेज कनेक्शन से वंचित न रहे व परियोजना कार्य मे सहयोग करे। बैठक में मातादीन, नोरंग लाल, सांवरे, बनवारीलाल, रफीक खां सहित अनेक मोहल्लेवासी उपस्थित रहे।

शराब की दुकान को स्थानांतरित करने की मांग

रतनगढ़ (निसं)। मुख्य बाजार में खोली गई शराब की दुकान के खिलाफ स्थानीय व्यापारियों ने विरोध दर्ज कराया है। व्यापारियों ने गुरुवार को एसडीएम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत करवाया है कि रिद्धि सिद्धि मार्केट में खोली गई इस दुकान के आसपास कई धार्मिक स्थल हैं।काली माता मंदिर से 50 फीट, बालाजी और भैरूजी मंदिर से 150 फीट और रामचंद्र पार्क शिवालय और सराफ शिवालय से 300 फीट की दूरी पर स्थित है। व्यापारियों का कहना है कि मार्केट में दिनभर लोगों की आवाजाही रहती है। यहां महिलाएं, बच्चे और बुजुर्ग खरीदारी के लिए आते हैं। शराब की दुकान खुलने से शराबियों की भीड़ जमा रहती है। इससे आम लोगों में डर का माहौल है। व्यापारियों ने इस दुकान को यहां से हटाकर किसी दूसरे स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है। उन्होंने जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा और पूर्व विधायक अभिनेष महर्षि को भी ज्ञापन की प्रति भेजी है। ज्ञापन पर सुनील कम्मा, जयप्रकाश सैनी, केशरदेव शर्मा, अभय सिंह, मनोज कुमार, दानाराम, हरिराम, मातादीन नाई, प्रताप और मोहम्मद सहित अनेक व्यापारी शामिल थे।

योग दिवस की तैयारियों को लेकर बैठक

सीकर (निसं)। सीकर में 21 जून को मनाए जाने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर महिला पतंजलि योग समिति सीकर की बैठक बुधवार को हुई। जिला प्रभारी पुष्पा भास्कर के नेतृत्व में हुई बैठक में नियमित योग कक्षा चलने वाली महिलाओं एवं कार्यकारिणी सदस्यों और तहसील प्रभारियों ने हिस्सा लिया। इस दौरान अलग-अलग जिम्मेदारी सौंपी गई। आम जनता को प्रोटोकॉल के अनुसार योगाभ्यास करवाने पर जोर दिया गया। इस दौरान हरिद्वार से आये हुए पहचान पत्र व जैकेट का वितरण किया गया। सीकर तहसील प्रभारी संतरा देवी(निधि) सहयोग प्रशिक्षण प्रमाण पत्र की जानकारी दी।पतंजलि योगपीठ सीकर की सन्रक्षिका डा. दुर्गा रणवा जिला प्रभारी पुष्पा भाकर, संगठन मंत्री उषा भास्कर, सीकर तहसील प्रभारी संतरा, दातारामगढ़ तहसील प्रभारी संतरा लौरा, लक्ष्मणगढ़ तहसील प्रभारी दीपिका कुमावत, श्रीमाधोपुर तहसील प्रभारी दीपिका शर्मा, सीकर मीडिया प्रभारी शिवानी ,संवाद प्रभारी पूजा चौधरी, यूवती प्रभारी सरिता भगत,मनीषा, संगीता रोलानिया ,प्रेरणा, संतोष, कमला गढ़वाल, प्रेमलता, संजू, संगीता मूड, सुमित्रा, पंकज, अनसूया आदि।

कुरैश मेडिकल स्टोर का शुभारंभ

चूरू (निसं)। जिला मुख्यालय स्थित नई सड़क पर बुधवार शाम को स्टे रिलेक्सड फिजियो थेरेपी हॉस्पिटल में कुरैश मेडिकल स्टोर का भव्य शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसीएमएचओ डॉ. एहसान गौरी व डॉ. महेश शर्मा थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मुमताज अली ने की। वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि डॉ. इकराम हुसैन, डॉ. अभिषेक शाह, डॉ. जुबेर कुरैशी, इंसानियत एकता सेवा समिति के संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब, मुफ्ती इरशाद कासमी, विनोद खारड़िया, आवेश कुरैशी, इमरान खान व मौलाना इमरान थे। स्टोर का शुभारम्भ अतिथियों ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर असलम भाटी ने बताया कि हमारे स्टोर पर सभी प्रकार की दवाईयां उचित दर पर मिलेगी। इस दौरान रमजान भाटी, हाजी याकूब भाटी, अयूब भाटी, रफीक भाटी, इकबाल भाटी, असगर भाटी, आमीन भाटी, सतार भाटी, सुलेमान मनिहार, अयूब खान, महबूब खान, मोहम्मद अली पठान, शमशाद खान, कयूम राणासर, सोयल खान डीके, इमरान खान जोईया, शफीक खान चौहान आदि उपस्थित थे। डॉ. अख्तर खान व डॉ. पुष्पा खारड़िया ने सभी का आभार व्यक्त किया।

जागरुकता महा अभियान संपन्न

पाटन (निसं)। मेघवंश जागृति संस्थान द्वारा सामाजिक सुधारकों महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले के जीवन पर आधारित फिल्म फुले के 35 निःशुल्क शो का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। लक्ष्मी टॉकीज में विश्व मातृत्व दिवस (11 मई 2025) से शुरू यह महा अभियान गुरुवार को समाप्त हुआ, जिसमें कुल 11,000 से अधिक लोगों ने फिल्म देखकर प्रेरणा ली।संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ रणजीत मेहरानिया ने बताया कि यह अभियान सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध जनजागरण और शिक्षा-समता के संदेश हेतु चलाया गया। उन्होंने फिल्म निर्माता अनुराग कश्यप व निर्देशक अनंत महादेवन सहित कलाकारों का आभार जताया और भविष्य में भी ऐसे प्रोजेक्ट्स बनाने की अपील की। फिल्म प्रदर्शन की सफलता में सहयोग देने वाले भामाशाहों, प्रबंध समिति और कार्यकर्ताओं का भी विशेष आभार व्यक्त किया गया। उल्लेखनीय है कि डॉ मेहरानिया स्थानांतरण व स्वास्थ्य कारणों से शहर से दूर रहकर भी सोशल मीडिया के माध्यम से अभियान का संयोजन करते रहे।

डॉ. संपत बारूपाल को जिलाध्यक्ष बने

झुंझुनूं, (निसं)। अनुसूचित जाति अधिकारी कर्मचारी संगठन के झुंझुनूं जिलाध्यक्ष पद पर शिक्षा विभाग से उप निदेशक के पद से रिटायर डॉ. संपत बारूपाल तथा गणपतराम रैगर को महासचिव बनाया गया है। ये नियुक्तियां संगठन के प्रदेश अध्यक्ष व रिटायर्ड आईएएस श्रीराम चौरड़िया ने की है। अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसाइटी द्वारा अंबेडकर भवन में दोनों ही पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस मौके पर डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवरलाल सर्वा, प्रोफेसर जयलालसिंह, महेंद्रसिंह सिरोवा, सुरेश गर्वा, रामस्वरूपसिंह, ओमनारायण तानेनिया, बनवारीलाल घोटड, रामदेवसिंह, दयाराम, सागरमल सर्वा, गगन, दुर्गेश रंगा, जितेंद्रपाल लखटकिया, आशीष, अंकित सरोवा, अनुराधा, योगेश, पंकज, अशोक, सचिन, सुमेर सानेल आदि उपस्थित रहे। संस्था संरक्षक महावीर सानेल ने पदाधिकारी को अधिकारी कर्मचारियों की समस्याओं को जिला स्तर पर मजबूती से रखने की सलाह दी।

जन्मदिवस पर सेवा कार्य संपन्न

झुंझुनूं, (निसं)। लॉयंस क्लब झुंझुनूं के संरक्षक एमजेएफ लॉयन एसएन शर्मा के 84वें जन्म दिवस पर विभिन्न सेवा कार्य किए गए। जिसमें गोपाल गौशाला में सुबह गौ माता को गुड़, तिल, अजवायन, मैथी के लड्डू की सवामणि अर्पित की गई। इसके पश्चात नगर परिषद परिसर स्थित अन्नपूर्णा रसोई में 100 प्रभुजनों को निशुल्क भोजन करवाया गया। इस अवसर पर क्लब अध्यक्षा लॉयन डॉ. बबिता कुमावत, क्लब सचिव लॉयन गोपाल कृष्ण गुप्ता, पूर्व रीजन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन नरेंद्र व्यास, जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लॉयन अमरनाथ जांगिड़, एमजेएफ लॉयन उमर कुरैशी, एमजेएफ लॉयन डॉ. डीएन तुलस्यान, लॉयन शकुंतला पुरोहित, लॉयन भागीरथप्रसाद जांगिड़, लॉयन महिपालसिंह, लॉयन विनिता शर्मा, लॉयन प्रमोद खंडेलिया, कार्यक्रम संयोजक लॉयन शिवकुमार जांगिड, लॉयन किशनलाल जांगिड़ सहित अन्य जन उपस्थित रहे।

ट्रॉली में भरे पशुचारे में आग लगी

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ तहसील के गांव बैरासर छोटा गांव के पास बुधवार व गुरूवार की रात्रि को एक पराली से भरे हुए ट्रेक्टर ट्रॉली में आग लग गई, जिससे पशु चारा पराली जलकर खाक हो गई। गुरूवार सुबह 10 बजे मिली मिली जानकारी के अनुसार वहीं घटना को लेकर जैसे ही ट्रेक्टर ट्रोली में धुएं का गुब्बार उठता दिखाई दिया तो गांव में अफरा-तफरी मच गई। इसी बीच धुएं का गुब्बार आसमान में छा गया। वही ग्रामीणों द्वारा घटना को लेकर दी सूचना पर राजगढ थाना पुलिस एवं फायर बिग्रेड की गाडी मौके पर पहुंची। जहां ग्रामीणों ने एक घंटे की कडी मसकत के बाद आगजनी पर काबू पाया तब तक पशुचारा पराली जलकर खाक हो गई। मगर आगजनी के कारणों का पता नहीं चल पाया।

लसेड़ी गांव में युवक की लाठी और पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या

■ लसेड़ी गांव में पति की मौत के बाद महिला के घर एक व्यक्ति के आने की रंजिश बनी

सादुलपुर, (निसं)। राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर स्थित गांव लसेडी में महिला से मिलने आये हरियाणा के एक व्यक्ति की लाठी और पत्थरों से पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। जबकि घटना में महिला गंभीर रूप से घायल हो गई जिसे चूरू रेफर किया गया है। गुरूवार शाम चार बजे दी जानकारी में महिला के पति की मौत के बाद मृतक व्यक्ति के महिला के घर आने की रंजिश में घटना को अंजाम दिया गया है।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मामले में आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए हर संभावित जगहों पर दबिश दी। थाना अधिकारी राजेश कुमार सिहाग ने बताया कि अस्पताल में भर्ती घायल महिला के पर्चा बयान पर मामला दर्ज कर लिया गया है। दोपहर बाद गांव लसेडी में एफ एस एल टीम के साथ पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा घटना की जांच कर निरीक्षण यिा तथा साक्ष्य जुटाकर वजह सबूत के नमूने उठाने की कार्रवाई की है।

मामले में स्नेहलता पति स्व.किशोर कुमार जाट पायल उम्र 40 साल निवासी लसेडी ने पर्चा बयान कर दर्ज मामले में बताया कि उसकी शादी वर्ष 2003 मे किशोर कुमार पुत्र बेगराज जाट निवासी लसेडी के साथ हुई थी। उसके दो बच्चे है। बडी लडकी एकता उम्र 20 साल व छोटा लडका यश 13 साल है।

शादी के बाद सन 2010 में उसके पति की किडनी खराब हो गई थी। उसके पति टीसीआई में नोकरी करते थे।

उसके पति के दोस्त विकास पुत्र आदराम जाट निवासी सुरपुरा खूर्द बहल हरियाणा भी टीसीआई कम्पनी में नोकरी करते थे। जब उसके पति बीमार थे तो विकास ने उनकी मदद की थी। वर्ष 2014 में उसके पति की मृत्यु हो गई थी, उसके बाद उसके पति के दोस्त विकास का उसके घर आना-जाना है। उसके ससुराल पक्ष के लोग विकाश के उसके घर आने-जाने के कारण उसके साथ ओर विकास से नाराज हैं।

इसी रंजीश के कारण बुधवार गुरूवार रात दिनांक 11 जून 2025 को जब उसके दोनों बच्चे और विकास उसके घर मे सोये थे। तो करीब 11 बजे उसके चाचा ससुर का पोता बिल्कुपाल पुत्र हरफुल, चाचा ससुर का पोता सुरेन्द्र पुत्र मनफुल, उसके चाचा ससुर का लडका राजेश पुत्र काशीराम व राजेश का लडका सचिन, विकास पुत्र जगदीश जाट निवासीगण लसेडी तथा ०8-10 अन्य व्यक्ति व०2-3 औरतें उसके घर का दरवाजा फांदकर आए तथा आते ही उसे व विकास के साथ लाठियों से मारपीट करनी शुरू कर दी।

बाकी पत्थरों से मारने लगे, उसके बच्चों ने शोर मचाया तो उसे ओर विकास को घर से उठाकर बाहर गली में उसके घर के सामने ले गये व दुबारा मारपीट शुरू कर दी। मारपीट के दौरान विकास बेहोश हो गया, उसे मरा हुआ समझकर छोडकर भाग गये।

घटना के बाद घायल महिला और व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सको ने घायल व्यक्ति विकास को मृत घोषित कर दिया तथा हालत गंभीर होने के कारण महिला स्नेहलता को उपचार के लिए चूरू रेफर कर दिया। राजगढ थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

सादुलपुर के वार्ड 33 में डाली गई पेयजल लाईन को बन्द करने के कारण पेयजल संकट गहराया

सादुलपुर, (निसं)। सादुलपुर के वार्ड 33 में प्रहलाद गोस्वामी, सुमेर सिंह गोस्वामी व लीलूराम गोदारा के घर की आसपास की बीते रोज पेयजल लाईन को ब्लॉक कर देने से पेयजल संकट गहरा गया है। यह पेयजल लाईन गत महिनो पूर्व ही जनसुनवाई में दी शिकायत के बाद डाली गई थी। जिसको लेकर गुरूवार सुबह 10 बजे वार्डवासियों ने प्रदर्शन करते हुए पेयजल लाईन को चालू करवाने की माँग की है।

इसी दौरान वार्ड 33 के प्रहलाद गोस्वामी, लीलूराम गोदारा, ओमप्रकाश प्रजापत, मुन्शी गोदारा, बुधाराम गोस्वामी सहित अन्य लोगों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि गत रोज पेयजल लाईन में ब्लॉक होने की बात कहते हुए कुछ लोग आए तथा प्रहलाद गोस्वामी, सुमेर सिंह गोस्वामी के घर के सामने से डाली गई पेयजल लाईन को ही ब्लॉक कर गये। जिसके कारण इस भीषण गर्मी के मौसम में वार्ड 33 के कई घरों के सामने पेयजल संकट पैदा हो गया है। लोगों ने प्रदर्शन करते हुए बताया कि पुरे सादुलपुर शहर में नई पेयजल लाईन डाली गई थी, जिसमें वार्ड 33 में इस पेयजल लाईन नहीं डाला गया था, जिसको लेकर मोहल्ले के लोगों ने जनसुनवाई में शिकायत दर्ज करवाने के बाद यह पेयजल लाईन डाली गई थी।

सादुलपुर शहर के वार्ड नंम्बर 33 के लोगों ने पेयजल लाइन को बन्द करने के विरोध में प्रदर्शन किया।

मगर बीते रोज एकाएक इस लाईन का कनेक्शन ही हटा दिया गया, जिसके कारण इस वार्ड में सुमेर सिंह गोस्वामी के घर से लेकर लीलूराम गोदारा के घर तक के घरों के वार्ड वासियों को पीने के लिए पानी नसीब नहीं हो पा रहा है तथा पेयजल लाईन बन्द करने के कारण इस भीषण गर्मी में लोगों के सामने पीने के पानी का संकट पैदा हो गया है। वार्डवासियों ने चेतावनी दी है कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वार्डवासियों को आदोलन करने के लिए मजबूर होना पडेगा, जिसकी समस्त प्रकार की जिम्मेदारी जलदाय विभाग एवं प्रशासन की होगी।

सार-समाचार

डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग

बीदासर (निसं)। निकटवर्ती सांडवा कस्बे की राजकीय सीएचसी में हिजाब पहनकर अपनी हाथ की अंगुली के लगी चोट का इलाज करवाने गई महिला मरीज को डॉक्टर द्वारा ईलाज के लिए मना करने का मामला सामने आया है। इसको लेकर डॉक्टर पर कार्रवाई की मांग को लेकर महिला मुस्कान और ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम बीदासर उपखण्ड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में लिखा है कि वो अपनी अंगूली पर लगी चोट का ईलाज करवाने सांडवा के राजकीय अस्पताल गई थी जहां पर सीएचसी प्रभारी डॉक्टर महेन्द्र कुमार मंडेतिया ने उससे कहा कि बुर्का (हिजाब) हटाओ तो ही इलाज करूंगा। उसके द्वारा बुर्का हटाने से इंकार किया गया तो डॉक्टर ने ईलाज करने से साफ इन्कार कर दिया और कहा कि बुर्का हटाओगी तो ही इलाज करूंगा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि हिजाब नहीं हटाने पर डॉक्टर साहब ने आग बबूला होकर महिला के साथ गाली-गलौच व अभद्र, अमर्यादित व्यवहार करते हुए उसे भला-बुरा कहा तथा हिजाब नहीं हटाने तक एक नर्सिंग कर्मी को भी अंगूली पर पट्टी करने के लिए मना कर दिया और अस्पताल से उसे बाहर निकाल दिया। वहीं ज्ञापन देकर डॉक्टर महेंद्र के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गई। ज्ञापन देने वालों में पिडित मुस्कान, इलियास, अमन खिलजी, ब्रमदेव बोहरा सहित ग्रामीण मौजूद थे। गौरतलब है कि उक्त घटनाक्रम से संबंधित एक विडिओ भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।

ग्रामीणों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपा

बीदासर (निसं)। उपखंड कार्यालय में आरएलपी नेता सीताराम नायक ने नेतृत्व में ग्रामीणों ने उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि ग्राम बालेरा, रूपेली, डूंगरास आथूणा की गौचर पहाड और अन्य राजकीय तथा जोहड़ पायतन भूमियों पर अतिक्रमण कर लगातार भूमाफियाओं द्वारा अवैध खनन किया जा रहा है। जिससें संरक्षित भूमियों और वन क्षेत्र का विनाश हो रहा है, अवैध खनन से क्षेत्र का वातावरण दूषित किया जा रहा है जिसके चलते सांस और दमा जैसी बीमारियां फैल रही है ज्ञापन में लिखा है कि जिम्मेदार अधिकारियों की अनदेखी के चलते धडल्ले से अवैध खनन किया जा रहा है। वहीं ज्ञापन देकर संरक्षित भूमियों को अतिक्रमण मुक्त कर सीमांकन करवाने और अवैध खनन करने वाले भूमाफियाओं पर कार्रवाई की मांग की गई।

ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई आयोजित

सादुलपुर, (निसं)। पंचायत समिति राजगढ सभागार में गुरूवार को आयोजित ब्लॉक स्तरीस जनसुनवाई में बिजली, पानी एवं सडक सम्बंधित जनसुनवाई हुई। शाम चार बजे मिली जानकारी में इस मौके पर सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें। भाजपा किसान मोर्चा जिला महामंत्री कृष्ण भाकर ने राजगढ शहर में खुले पडे विद्यत ट्रांसफार्मरों की चारदीवारी, रेलवे स्टेशन रोड पर स्थित सुभाष चन्द्र बोस पार्क की चारदीवारी निर्माण करवाने एवं भीषण गर्मी में गांवों में पीने के पानी व्यवस्था को लेकर अधिकारियों के सामने मांगे रखी। इस मौके पर भाजपा नेता महावीर पूनिया, उपखंड अधिकारी राजगढ मीनू वर्मा, विकास अधिकारी भागीरथ कटारिया, मुख्य ब्लांक शिक्षा अधिकारी डॉ. सुमन जाखड, तहसीलदार धीरज झाझडिया, जलदाय विभाग से नरेंद्र सहित अन्य विभागों के अधिकारी गण मौजूद रहें।

51 हजार की सहायता राशि भेंट की

झुंझुनूं, (निसं)। समाजसेवी व भाजपा जिला महामंत्री राजेश दहिया ने राजकीय जिला बीडीके अस्पताल झुंझुनूं में मृतक सुभाष मेघवाल को न्याय के लिए दिए जा रहे धरने प्रदर्शन के दौरान उपस्थित होकर घोषणा की थी कि मृतक सुभाष मेघवाल के परिजनों को 51 हजार रूपए की मदद की जाएगी। गुरूवार को राजेश दहिया के एक प्रतिनिधि दल ने बिरमी मृतक सुभाष मेघवाल के घर पहुंच कर उनकी पत्नी मनोज देवी को 51 हजार रुपए की नगद राशि भेंट की।

किसानों ने धरना दिया

झुंझुनूं, (निसं)। गुरूवार को अखिल भारतीय किसान सभा के आव्हान पर अपनी मांगों को लेकर किसानों ने धरना दिया और प्रदर्शन किया। इस मौके पर पूर्व जिला परिषद सदस्य एवं किसान सभा के उदयपुरवाटी ब्लॉक अध्यक्ष मूलचंद खरींटा ने कहा कि किसानों के साथ शासन और प्रशासन, दोनों कुठाराघात कर रहे है।

बीकानेर से नीमराना के लिए जो बिजली लाइन निजी कंपनी की ओर से लगाई जा रही है। उसमें किसानों के साथ जबरदस्ती की जा रही है। किसानों की लाखों की जमीन के बदले 35 हजार रूपए खाते में डालकर उसकी जमीन को बर्बाद किया जा रहा है। साथ ही पेड़ भी काटे जा रहे है। कई बार इसे लेकर जिला कलेक्टर को बताया गया है। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है। हमारा स्पष्ट कहना है कि भारत सरकार की गाइडलाइन है कि किसानों को उसकी जमीन का मुआवजा बाजार भाव पर मिलेगा।

वन्यजीवों की गणना में 3135 वन्यजीवों की गणना की गई

उदयपुरवाटी (निसं)। वन विभाग की टीम ने चिन्हित वाटर पॉइंटो पर बुधवार सुबह 8 बजे से गुरुवार सुबह 8 बजे तक दिन और चांदनी रात में वन विभाग के कर्मचारियों ने वन्यजीवों की गणना की।

क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर सिंह मील ने वन्यजीवों की गणना के दौरान वाटर पांइटो का अवलोकन किया। वन्यजीवों की गणना में बघैरा सहित कई तरह के वन्य जीवों की गणना की गई। क्षेत्र के सभी वाटर पांइंटों पर 3135 वन्यजीवों की कुल गणना की गई। वन्यजीवों की गणना के लिए 33 कार्मिकों को 16 वाटर पॉइंटो पर लगाया गया। विभिन्न वाटर पांइंटों पर वन्य जीवो की गणना में बघैरा 10, सियार/ गीदड 273, जरख 36, जंगली बिल्ली 145, बिल्ली 23, लोमड़ी 110, भेड़िया 49, बीजू छोटा 144, बीजू बड़ा 52, कवर बीजू 5, सियागोश 15, सांभर 20, रोजड़ा/ नीलगाय 445, जंगली सूअर 46, सैही 106, लंगूर 698, बड्र्स ऑफ - प्रे शिकारी पक्षी 124, मोर 576, काला तीतर 258, इस तरह विभिन्न वाटर पांइंटों पर वन विभाग के कर्मचारियों ने वन्यजीवों की गणना का कार्य किया।

क्षेत्रीय वन अधिकारी धर्मवीर सिंह मील ने बताया कि बुधवार को सुबह 8 बजे चिन्हित वाटर हाल पर वन्यजीव गणना शुरू हुई। वन्यजीव गणना रेंज क्षेत्र के 16 वाटर हाल पॉइंट पर 33 कार्मिको द्वारा की गई।वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा वन्यजीव गणना करने वाले चिन्हित वाटर पॉइंटो में कोट बांध, शीतला जोहड बागोरा,कदम कुंड छापोली, मनसा माता पुराना खोह बालाजी मंदिर, वाघोली चौकी, काना वाली जोहड़ी पौंख, किरावंडा कुंड भोजगढ, भोजगढ पौधशाला, घाटी वाला कुआं गुढागौडजी, वन क्षेत्र कीरपुरा, काली बेरी खौह, मनसा माता वाटर हाल, बिहारी दास जोहड़ी वाटर होल खौह, मंडावर खौह सड़क पर खेली, सातिंडा धाम खैली मंडावरा, भेरुजी वाला नाला की खेली बागोरा सहित 16 वाटर पाइंटों पर वन्यजीवों की गणना की गई।

वन्यजीवों की गणना करने के लिए 16 वाटर पाइंटों पर 33 कार्मिक लगाए गए हैं। रिजर्व पार्टी के रूप में दो कार्मिकों को मुख्यालय पर रखा गया। विभाग द्वारा वन्यजीवों की गणना के लिए कई स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए। ट्रैप कैमरो की सहायता से 24 घंटे वन्य जीवों पर निगरानी रखकर गणना की गई।

कोरोना काल में बंद हुई बस को फिर से शुरू करवाने की मांग

झुंझुनूं, (निसं)। जिला मुख्यालय से गुढा उदयपुरवाटी मार्ग पर कोरोना आने से पूर्व शाम को झुंझुनूं की तरफ से 07:30 बजे बस चलती थी। कोरोना में बंद कर दी गई थी। कोरोना जाने के बाद यात्रियों ने कई बार इस बस को फिर से चलाने के लिए ज्ञापन दिया। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। राजकुमार भोड़की ने पूर्व में भी राजस्थान संपर्क पोर्टल पर शिकायत की गई थी। पूर्व चीफ को भी अवगत कराया था। लेकिन कोई निवारण नहीं हुआ। अब नए चीफ गिरिराज स्वामी से नियमित यात्री व मासिक पास धारक संघ के सदस्यों ने ज्ञापन देकर इस बस को फिर से शुरू करवाने की मांग की। नियमित यात्री सुभाष जांगिड़ टीटनवाड़ ने बताया कि शाम को साढ़े सात बजे वाली बस को फिर से शुरू किया जाए तो यात्रियों को फायदा मिलेगा। बस के अभाव में यात्रियों को डंपरों व निजी वाहनों से यात्रा करनी पड़ती है। जिला अस्पताल में आए मरीजों को देर से छुट्टी मिलने पर निजी वाहनों में यात्रा करनी पड़ती है। जो जेब पर बहुत भारी पड़ता है। विशेषकर महिला यात्रियों, दिव्यांगों को बहुत ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

जन्मतिथि परिवर्तन

मेरे पुत्र पृथ्वीसिंह (Prithvi singh) की जन्म तारीख विद्यालय में भूलवश 24.06.2013 लिखवा दी गई। जबकि उसकी वास्तविक जन्म तारीख 01.02.2013 है, जो उसके जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड में दर्ज है। अब मैं उसके विद्यालय रिकॉर्ड में सही जन्मतिथि 01.02.2013 अंकित करवाना चाहता हूं। जन्मतिथि को लेकर कोई विवाद होने पर मेरी जिम्मेदारी होगी।

शपथग्रहिता
नरेशसिंह पुत्र हंब्रसिंह जाति राजपूत, निवासी रामसरा पड़िहारान तहसील सरदारशहर

प्रपत्र संख्या 7
(देखिये नियम 21)

कार्यालय सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग, जयपुर

राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18 (2) के अधीन नोटिस

समस्त सम्बन्धित व्यक्तियों को

मुकदमा नम्बर 62/2025

(नाम वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि श्री नवुलुरू वेनकट्टा पुरुलीधर राव पुत्र श्री एन. राम कृष्णा राव निवासी पिलानी, झुंझुनू ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17 (1) के अन्तर्गत पिलानी इनोवेशन एण्ड इन्टरप्रन्योरशिप डवलपमेंट सोसाइटी, पिलानी, झुंझुनू, कमरा नम्बर 2243, बिट्स पिलानी, पिलानी कैम्पस, तहसील सुरजगढ़, जिला झुंझुनू के सम्बन्ध में जांच किये जाने के लिए आवेदन-पत्र दिया है।

अतएव धारा 18 की उपधारा (2) द्वारां प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में उपर्युक्त प्रन्यारा जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखने वाले समस्त व्यक्तियों के नाम, व्यापक जानकारी के लिए, यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के सम्बन्ध में आपत्तियां, यदि कोई हो प्रस्तुत करे।

और यह सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त निर्दिष्ट अवधि के भीतर कोई आपत्तियां नही की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति से निर्णित किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जावेगा।

आज दिनांक 11.06.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय मोहर के अधीन जारी किया गया। आइदा तारीख पेशी 18.08.2025

मोहर अदालत

सहायक आयुक्त (द्वितीय) देवस्थान विभाग जयपुर

सांसद कॉमरेड अमराराम ने ऐतिहासिक जनसुनवाई की

सांसद कॉमरेड अमराराम ने जनसुनवाई में अभाव अभियोग सुने।

पाटन (निसं)। सीकर लोकसभा क्षेत्र के सांसद एवं भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) के वरिष्ठ नेता कॉमरेड अमराराम ने गुरुवार को पाटन पंचायत समिति सभागार में नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र की पहली जनसुनवाई आयोजित कर ऐतिहासिक पहल की। पाटन क्षेत्र में पहली बार जनसुनवाई के आयोजन पर स्थानीय कार्यकर्ताओं व जनप्रतिनिधियों ने सांसद अमराराम का पारंपरिक साफा-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। जनसुनवाई में नीमकाथाना क्षेत्र के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लिया और सांसद के समक्ष पेयजल संकट, जल जीवन मिशन के अधूरे कार्य, नरेगा में रोजगार की मांग, अवैध खनन, बिजली की अनियमित आपूर्ति, खराब सड़कों, चिकित्सा सुविधाओं की कमी जैसी जमीनी समस्याओं को विस्तार से रखा। इसके अलावा रायपुर बांध को पुनर्जीवित करने और फर्स्ट ग्रेड शिक्षक भर्ती में पदों की बढ़ोतरी जैसे शिक्षा से जुड़े मुद्दे भी प्रमुख रूप से उठाए गए।

कॉमरेड अमराराम ने प्रत्येक समस्या को गंभीरता से सुना और भरोसा दिलाया कि जनसुनवाई में आई हर समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पार्टी जनहित के मुद्दों पर सतत संघर्षशील रहेगी और क्षेत्र में नियमित जनसुनवाई आयोजित की जाएगी।इस अवसर पर माकपा तहसील सचिव कॉमरेड गोपाल सैनी ने बताया कि यह जनसुनवाई नीमकाथाना विधानसभा क्षेत्र के लिए मील का पत्थर साबित होगी। उन्होंने कहा कि पाटन और नीमकाथाना पंचायत समितियों में समय-समय पर सांसद द्वारा ऐसी जनसुनवाइयां की जाएंगी ताकि आमजन की समस्याएं सीधे उच्च स्तर तक पहुंच सकें।

कार्यक्रम में पंचायत समिति प्रधान सुआलाल सैनी, विकास अधिकारी शशिबाला, पूर्व सरपंच मालाराम वर्मा, सरपंच बलराम गुर्जर, कैलाश स्वामी, पंस सदस्य रामजीलाल सैनी, श्रीराम यादव, ओमप्रकाश सैनी, कॉमरेड रोशनलाल गुर्जर, बलबीर सिंह यादव, दीनेश यादव, फूलचंद सैनी, विनय प्रकाश सैनी, के.एल. संतोषी, नरेश कुमार, मुकेश सिसोदिया सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामीण उपस्थित रहे।

पोस्टर का विमोचन किया

झुंझुनूं, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 26 जून को नशीली दवाओं के दुरूपयोग और तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर को प्रभावी ढंग से मनाने एवं प्रचारित करने के लिए नशामुक्त भारत अभियान के तहत नशीले पदार्थों से होने वाले नुकसान के प्रति जन-सामान्य में जागरूकता के लिए जिले में 12 जून से 26 जून तक विभिन्न कार्यक्रमों व गतिविधियों का आयोजन किया जाना है।

कार्यालय नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ (चूरू)

क्रमांक :- न.पा.रा./2025/1688-1689 दिनांक :- 12.06.2025

आपत्ति सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदन पत्रों के द्वारा पट्टा नामांतरण/तामिर स्वीकृति आवेदन किया गया है। जिस किसी व्यक्ति